राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने किया ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्वविद्यालय के पीस पैलेस का लोकार्पण

## मानसिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए आध्यात्मिक उन्नति जरूरी – राज्यपाल

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण की ही तरह मानसिक प्रदूषण भी मानवता के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मानसिक प्रदूषण और इसके दुष्प्रभावों से मुक्ति के लिए स्वस्थ जीवनशैली, आध्यात्मिक उन्नति जरूरी है।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को मुरलीपुरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्वविद्यालय के नवनिर्मित पीस पैलेस के उद्घाटन के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन का सर्वांगीण विकास को लक्ष्य बनाकर ही देश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि इसमे भारतीय संस्कृति के उन आदर्श मूल्यों का प्रसार भी शामिल है जिनसे व्यक्ति का आध्यात्मिक आधार पर विकास होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्था भी शांति, पवित्रता, प्रेम और खुशी का संदेश देकर मानवता के सुखद भविष्य के लिए कार्य कर रही है।

राज्यपाल ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम' से ओत प्रोत भारतीय संस्कृति व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को संपन्न करने से जुड़ी है। भारतीय संस्कृति में वैश्विक शांति के साथ पृथ्वी, अंतरिक्ष एवं ब्रह्मांड के प्रत्येक अवयव में शांति और समन्वय की कामना की गई है। उन्होंने इसके लिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा करवाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्था द्वारा स्थापित किया गया पीस पैलेस शांति की स्थापना के लिए परमार्थ और सबके कल्याण के भाव से कार्य करेगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति से जुड़े उदात्त जीवन मूल्य, प्रार्थनाओं और चरित्र निर्माण से जुड़े आख्यानों को भी यहां श्रव्यकृदृश्य रूप में प्रस्तुत किए जाने का सुझाव दिया।

राज्यपाल ने आरम्भ में उपस्थितजन को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

बी.के. शीलू दीदी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। ब्रह्माकुमारी संस्था के कार्यकारी सचिव श्री बी.के. मृत्युंजय ने संस्था के आध्यात्मिक जाग्रति से जुड़े क्रिया–कलापों के बारे में बताया। श्री मुकेश भाई ने जेईसीआरसी कॉलेज में निर्मित थॉट लैबोरेट्री के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में राजयोगिनी शांता बहन, समाजसेवी श्री मदनलाल शर्मा, और संस्था से जुड़े पदाधिकारी एवं अनुयायी उपस्थित रहे।

—————

## राज्यपाल से उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

————

## संविधान दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 73 वें संविधान दिवस (26 नवम्बर) के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि संविधान हमारा मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसमें स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के सिद्धान्तों पर जोर देते समानता के साथ सभी के लिए समान न्याय की बात कही गई है।

राज्यपाल ने इससे प्रेरणा लेते हुए राजनैतिक लोकतंत्र को सामाजिक लोकतंत्र का रूप देने के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

————

## राज्यपाल शनिवार को भरतपुर के एक दिवसीय दौरे पर
## बृज विष्वविद्यालय के संविधान पार्क का लोकार्पण करेंगे

जयपुर, 25 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को भरतपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र संविधान दिवस के अवसर पर महाराजा सूरजमल बृज विष्वविद्यालय, भरतपुर में संविधान पार्क का लोकार्पण करेंगे। वे विष्वविद्यालय परिसर में ही तैयार कराई जा रही महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का शिलान्यास करेंगे और 'भारतीय संविधान और संस्कृति' विषयक संगोष्ठी में शिरकत करेंगे। राज्यपाल शनिवार शाम को ही जयपुर लौट आएंगे।

————————